मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं परस्कार वितरण समारोह – दिनांक 23 नवंबर, 2023

राजभाषा, गृह विभाग के तत्वधान मे मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड नाभिकीय, ऊर्जा भवन मध्य मार्ग, अणुशक्तिनगर (मुंबई) मे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र के राज्यपाल माननीय श्री रमेश बैस द्वारा की गई तथा इस अवसर पर उन्होंने अपना उद्बोधन भी दिया | केंद्रीय गृह राज्यमंत्री माननीय श्री अजय कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

साथ ही श्रीमती अशूली आर्या, सचिव राजभाषा विभाग, श्रीमती डॉ मिनाक्षी जॉली एवं श्री भुवन चंद्र पाठक, निदेशक, एन. पी. सी. आई. एल. (मुंबई) आदि प्रमुख **वक्ताओं ने भी** विभिन्न राज्यों से आए हुए मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों के सभी नाराकास अध्यक्षों, कार्यालय अध्यक्षों, राज्यभाषा अधिकारियों और अन्य सदस्यों को संबोधित किया | सम्मेलन मे मध्य एवं पश्चिम राज्यों के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/बैंकों/उपक्रमों के अधिकारीगण उपस्थित हुए | इस अवसर पर राजभाषा विभाग के अधिकारियों द्वारा “कंठस्थ 2.0” का प्रस्तुतीकरण भी किया गया |

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, म. प्र. राज्य केंद्र भोपाल से श्री विजय कुमार विश्वकर्मा, राज्य सूचना-विज्ञान विज्ञान अधिकारी एवं कार्यालय प्रमुख एवं श्री नंदलाल बुनकर, अनुभाग अधिकारी एवं सदस्य राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने इस सम्मेलन मे भाग लिया |

संकलन - श्री नंदलाल बुनकर

अनुभाग अधिकारी, रा. सू. वि. के., भोपाल |